**समाचार.प्रकाषनार्थरू.**

**स्वच्छता के साथ शत प्रतिशत वैक्सीनेशन का संदेश दिया**

**स्वच्छ सर्वेक्षण.2022 के तहत डोर टू डोर कचरा निपटान के तरीके समझाए गएए शहर के अनेक स्थानों पर आकर्षक रांगोली के माध्यम से दिया स्वच्छता और वैक्सीनेशन का संदेश दिया**

**रतलाम 17 नवम्बर । आज के हालातों पर नजर डाले तो पता चलेगा कि अस्वच्छता के कारण लोग मौसमी बीमारियों का शिकार हो रहे है वही कोविड.19 जैसी महामारी का खतरा भी अभी टला नही है। ऐसे में जरुरी है कि हम अपने घर के साथ ही आसपास की स्वच्छता पर भी पूरा ध्यान दे और कोविड से बचाव के लिए लगाए जा रहे टीकों का उपयोग समय रहते कर ले। जिला प्रशासन व नगर निगम के सहयोग से शहर के तमाम स्थानों पर टीकाकरण केन्द्र खोले गएए वही महाअभियान भी चलाया जा रहा है। ऐसे में सभी को इस सुविधा का लाभ बढ़चढ़ कर लेना चाहिए।**

**उक्त विचार नगर निगम आयुक्त ने बुधवार को स्वच्छ सर्वेक्षण 2022 के तहत चल रहे स्वच्छता जागरुकता कार्यक्रमों के तहत शहर में आयोजित विभिन्न गतिविधियों के दौरान व्यक्त किए। उन्होने कोरोना वैक्नीनेशन महाअभियान के तहत भी लोगों को टीकाकरण के प्रति उत्साहित करने के लिए आव्हान किया है। इस दौरान सफाई मित्र समूह ने टीकाकरण केन्द्रों व शहर के प्रमुख सार्वजनिक स्थलों पर रांगोलियों के माध्यम से स्वच्छता बनाए रखने और वैक्सीनेशन का संदेश आमजन को दिया और टीकाकरण के लिए लोगों को डोर टू डोर प्रेरित भी किया है।**

**इस मौके पर श्री झारिया ने कहां कि पिछले कुछ महीनों के दौरान हर तरफ जैसे. जैसे लॉकडाउन को चरणबद्ध तरीक़े से ख़त्म करकेए पाबंदियां हटाई जा रही हैंए वैसे. वैसे लोगों की दिलचस्पी कोविड.19 के आंकड़ों से कम होती जा रही है॰ फिर चाहे बात नए संक्रमणों की होए रिकवरी की या इस महामारी से मौत की हो॰ ऐसे में जरुरी है कि लोगों की दिलचस्पी और उत्सुकता कोविड.19 के तमाम टीकों में बढ़ाई जाए ताकि जिनकी मदद से इस जानलेवा महामारी से बचा जा सकता है॰**

**इस मौके पर श्री झारिया ने कहां कि इस महामारी ने देश की अर्थव्यवस्था पर बहुत बुरा असर डाला है॰ लोगों की रोज़ी.रोटी पर गहरा असर पड़ा है॰ टीकाकरण लोगों की जान बचा पाने में काफ़ी हद तक सफल रहा है॰ ऐसे में जरुरी है कि प्रत्येक पात्र**

नागरिक कोविड से बचाव वाली वैक्सीन के सभी डोज लगवाएए ताकि हमारा शहर स्वच्छता के साथ ही स्वस्थ्य भी रहे।

श्री झारिया ने नागरिकों से आव्हान किया है कि घर और दुकानों से निकले कचरे का निपटान कचरा संग्रहण वाहन के अलग.अलग हिस्सों में ही करे। स्वच्छता के प्रति नागरिकों की जागरुकता जरुरी है तभी हम अपने शहर को देश में स्वच्छता के मामले में नम्बर.1 बना पाएगेए इसी के साथ वैक्सीनेशन के मामले में भी शत प्रतिशत टीके लगवा कर रतलाम का गौरव बढ़ाए।

इस अवसर पर उपायुक्त श्री विकास सोंलकीए झोन अधिकारी एण्पीण्सिंहए किरण चौहानए पर्वत हाड़ेए विनय चौहान सहित सफाई मित्र समूह के सदस्य आदि उपस्थित रहे।

खुले में गंदगी करने पर 7 व्यक्तियों पर जुर्माना

गंदगी करने वालो की सूचना स्पॉट फाईन दल को दें

रतलाम 17 नवम्बर । कलेक्टर एवं प्रशासक नगर पालिक निगम रतलाम श्री कुमार पुरूषोत्तम के निर्देषानुसार नगर में ऐसे दुकानदार व नागरिक जो कि खुले में कचरा डालकर षहर को गंदा करते हैंए मलबा डालकर अतिक्रमण करते है उन पर लगाम लगाने हेतु संबंधितों पर स्पॉट फाईन की कार्यवाही की जा रही है जिसके तहत 17 नवम्बर को 7 व्यक्तियों पर जुर्माना किया गया।

निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया के निर्देषानुसार खुले में गंदगी करने पर कुलदीप चौहान चांदनी चौक पर 1000ए अजय कुमार मिश्रा ग्लोबस कालोनी पर 500ए जासमीन चूड़ीवाला जावरा रोड पर 250ए कन्हैयालाल घांस बाजारए महावीर चाय वाला चौमुखी पुल पर 100.100 व भोलेनाथ नाष्ता पांईट त्रिपोलिया गेट पर 50 रूपये का स्पॉट फाईन कर भविश्य में गंदगी ना करने की समझाईश दी।

नगर निगम द्वारा नागरिकों से भी अपील की जाती है कि षहर को गंदा करने वाले नागरिकोंए दुकानदारों आदि की जानकारी सहायक स्वास्थ्य अधिकारी श्री एण्पीण सिंह मोण नंण 7471144930ए झोन प्रभारी श्री पर्वत हाड़े मोण नंण 7471144931ए श्री किरण चौहान मोण्नंण 7471144932ए श्री विनय चौहान मोण्नंण 8770535145ए श्री विराट मेहरा 9770326691ए स्पॉट फाईन दल के पवन झांझोट मोण्नंण 7000128812ए आकाष षिन्दे मोण्नंण 9424075393ए 7724981736 मनोज झांझोट मोण्नंण 6268449110ए राकेष ललावत मोण्नंण 7000128812 को देकर नगर को साफ.स्वच्छ बनाने में सहयोग प्रदान करें।

**साजिद हुसैन को नलंबित किये जाने हेतु कारण बताओ सूचना.पत्र जारी**

**रतलाम 17 नवम्बर । नगर निगम के भृत्य साजिद हुसैन द्वारा बिना सूचना के 13 नवम्बर से अपने कर्तव्य स्थल से अनुपस्थित रहने पर निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया के निर्देषानुसार अनुपस्थित दिवसों का वेतन काटा जाकर निलंबित किये जाने हेतु कारण बताओ सूचना.पत्र जारी किया गया।**

**साजिद हुसैन भृत्य की ड्यूटी 12 नवम्बर से नगर निगम कार्यालय की पहरेदारी हेतु प्रातः 6 से दोपहर 2 बजे तक लगाई गई थी किन्तु साजिद हुसैन 13 नवम्बर से बिना सूचना के अपने कर्तव्य स्थल से अनुपस्थित रहने के कारण अनुपस्थित दिवसों का वेतन काटा जाकर निलंबित किये जाने हेतु कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया।**

**मित्र निवास रोड फुटपाथ से फ्रुट विक्रेताओ को हटाया**

**रतलाम 17 नवम्बर । षहर के मुख्य मार्गोए फुटपाथ आदि पर गुमटियांए ठेलेए अन्य साम्रगी रखकर अतिक्रमण करने वालों पर निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया के निर्देषानुसार 17 नवम्बर बुधवार को अतिक्रमण दल ने कार्यवाही करते हुए मित्र निवास रोड फुटपाथ से 8 फ्रुट विक्रेताओं को हटाया।**

**17 नवम्बर को 68 टन से ज्यादा कचरा जुलवानिया पंहूचा**

**रतलाम 17 नवम्बर । निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया के निर्देषानुसार नगर निगम के कचरा संग्रहण वाहनों के माध्यम से घर.घर से पृथक.पृथक एकत्रित किया जा रहे गीले.सूखे कचरे व सड़को व नाले.नालियों की सफाई के दौरान निकलने वाले कचरे का प्रतिदिन वजन किया जाकर जुलवानिया टेª चिंग ग्राउण्ड पर पंहूचाया जा रहा है जिसके तहत 17 नवम्बर बुधवार को 68 टन से अधिक कचरा जुलवानिया टेª चिंग ग्राउण्ड पर पंहूचाया गया।**

**17 नवम्बर बुधवार को डम्पर से 23475ए टेª क्टर से 7540ए काम्पेक्टर सूखा कचरा 21150 व काम्पेक्टर गीला कचरा 16220 किलो इस तरह कुल 68385 किलो कचरा जुलवानिया टेª चिंग ग्राउण्ड पंहूचाया गया।**

**4276 पेंषन हितग्राहियों का हुआ भौतिक सत्यापन**

**पेंषन पाने वाले हितग्राही अपना भौतिक सत्यापन करवायें**

**वार्डवार केन्द्रों व घर.घर जाकर किया जा रहा है सत्यापन**

**रतलाम 17 नवम्बर । रतलाम षहर के सामाजिक सुरक्षाए इंदिरा गांधी राश्ट्रीय वृद्धा पेंषनए राश्ट्रीय विधवा पेंषनए राश्ट्रीय निःषक्त पेंषनए सामाजिक सुरक्षा वृद्धा पेंषनए विधवा पेंषनए निःषक्त पेंषनए मानसिक बहुविकलांग पेंषन प्राप्त करने वाले हितग्राहियों का षासन निर्देषानुसार भौतिक सत्यापन वार्ड दरोगा व नियुक्त कर्मचारियों द्वारा घर.घर जाकर व वार्डवार बनाये गये केन्द्रों पर किया जा रहा है जिसके तहत 15 नवम्बर सोमवार तक 4276 पंेषन हितग्राहियों का भौतिक सत्यापन कर 40 प्रतिषत कार्य पूर्ण किया जा चुका है।**

**नगर निगम द्वारा पेंषन पाने वाले हितग्राहियों से अपील की जाती है कि वे वार्ड दरोगा व नियुक्त कर्मचारियों को आवष्यक दस्तावेज बीपीएल राषन कार्डए समग्र आईडीए बैंक खाते की पास बुकए निवासीए जन्मए आयुए चिकित्सकए निःषक्तताए आयकर दाता ना होए पति की मृत्यु का प्रमाण.पत्रए अंक सूचीए मतदाता सूचीए मतदाता परिचय.पत्रए महात्मा गांधी राश्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गांरटी योजना के तहत जारी जाब कार्डए उपलब्ध कराकर या वार्डवार बनाये केन्द्र वार्ड 1 अम्बेडकर मांगलिक भवन गांधी नगरए वार्ड 2 रामकला सभागृह लक्ष्मणपुराए वार्ड 3 राठौड़ समाज धर्मषालाए वार्ड 4 महर्शी दयानन्द वैदिक विद्यालयए वार्ड 5 गुरू रामदास स्कूल विनोबा नगरए वार्ड 6 मार्निंग स्टार स्कूल इंदिरा नगरए वार्ड 7 अलकापुरी कम्युनिटी हॉलए वार्ड 8 संतनामदेव पब्लिक स्कूल विनोबा नगरए वार्ड 9 सांई ऐकेडमी स्कूल 80 फीट रोडए वार्ड 10 सिंधी गुरूद्वारा मोहन नगरए वार्ड 11 बोधी स्कूल डोंगरे नगरए वार्ड 12 सुमंगल गार्डन कस्तुरबा नगरए वार्ड 13 अम्बेडकर कम्युनिटी हॉल जवाहर नगरए वार्ड 14 सरस्वती स्कूल काटजू नगरए वार्ड 15 मांगलिक भवन सुभाश नगरए वार्ड 16 काष्यप सभागृह सागोद रोडए वार्ड 17 उत्कृश्ट स्कूल सागोद  रोडए वार्ड 18 षांति निकेतन टाटा नगरए वार्ड 19 राधाकृश्ण प्राथमिक विद्यालय दीनदयाल नगरए वार्ड 20 सरस्वती स्कूल अमृत सागरए वार्ड 21 नरसिंह वाटिका सिलावटो का वासए वार्ड 22 मानस भवन मोती नगरए वार्ड 23 ज्योति कान्वेंट स्कूल बाजाली नगरए वार्ड 24 सब्जी फिरोस जमातखाना सायर चबुतराए वार्ड 25 सगरवंषी माली समाज धर्मषालाए वार्ड 26 संतमीरा स्कूल थावरिया बाजारए वार्ड 27 जमातखाना षैरानीपुराए वार्ड 28 मांगलिक भवन दिलीप नगरए वार्ड 29 डीआरपी**

लाईन आनन्द कालोनीए वार्ड 30 काजीखान की मस्जिद जावरा रोडए वार्ड 31 षासकीय प्राथमिक स्कूल डोसीगांवए वार्ड 32 उजाला पैलेस स्टेषन रोडए वार्ड 33 लायंस हॉल पावर हाउस रोडए वार्ड 34 रोटरी हॉल अजंता टॉकिज रोडए वार्ड 35 मेंहदीकुई बालाजी नगर निगमए वार्ड 36 कान्वेंट स्कूल मित्र निवास रोडए वार्ड 37 लॉ कॉलेज आनन्द कालोनीए वार्ड 38 जमातखाना षैरानीपुराए वार्ड 39 षासकीय प्राथमिक स्कूल षैरानीपुराए वार्ड 40 श्रीमाली धर्मषालाए वार्ड 41 मोहन टॉकिजए वार्ड 42 माहेष्वरी धर्मषाला कसारा बाजारए वार्ड 43 गणेष मांगलिक भवन रामबागए वार्ड 44 बोहरा कम्युनिटी हॉल बोहरा बाखलए वार्ड 45 षासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल माणक चौकए वार्ड 46 आईएमए हॉल राजेन्द्र  नगरए वार्ड 47 मदरसा तालीमुल कुरआन नयापुरा हाट रोडए वार्ड 48 सूरजहॉल वेदव्यास कालोनीए वार्ड 49 सिखवाल धर्मषाला ब्राम्हणों का वास तथा नगर निगम के आईटी सेल में आवष्यक दस्तावेजों के साथ उपस्थित होकर अपना भौतिक सत्यापन अनिवार्य रूप से करवायें।

नगर निगम द्वारा अब तक 7564 आयुश्मान कार्ड बनाये गये

निगम के आईटी सेल में हितग्राही बनवायें आयुश्मान कार्ड

रतलाम 17 नवम्बर । आयुश्मान भारत श्शनिरामयम’ ’  योजना अन्तर्गत रतलाम नगर के पात्र हितग्राहियों के निःषुल्क बनाने का कार्य नगर निगम के आईटी सेल कार्यालय में कार्यालयीन समय में बनाये जा रहे है जिसके तहत 1 अक्टूबर से 17 नवम्बर तक 192 हितग्राहियों के कार्य बनाये जा चुके है।

निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया ने बताया कि गरीब एवं असहाय परिवारों पर बीमारियों पर खर्च होने वाले आर्थिक बोझ एवं गुणवत्तापूर्वक इलाज समय पर उपलब्ध कराये जाने हेतु आयुश्मान भारत श्शनिरामयम’ ’  योजना के तहत नगर के षेश रहे पात्र हितग्राहियों के आयुश्मान कार्ड नगर निगम के विकास षाखा स्थित आईटी सेल में बनाये जा रहे है। नगर निगम विकास षाखा स्थित आईटी सेल में नियुक्त अधिकारी एवं कर्मचारियों द्वारा 41 दिनों में 192 हितग्राहियों के कार्य बनाये जा चुके है। इससे पूर्व वार्डवार गठित दलों व उचित मूल्य की दुकानों पर 7316 कार्ड बनाये गये थे इस तरह अब तक 7564 आयुश्मान कार्ड बनाये जा चुके हैं।

आयुश्मान कार्ड बनाने हेतु नियुक्त अधिकारी एवं कर्मचारियों को निगम आयुक्त श्री झारिया ने निर्देषित किया है कि रतलाम नगर के षेश रहे हितग्राहियों के आयुश्मान

कार्ड निःषुल्क बनाये जाना है। पात्र हितग्राहियों और उनके परिवार सदस्यों का पंजीयन किये जाने हेतु आधार कार्ड व समग्र आईडी दस्तावेज के रूप में लिये जावें।

**2105 हितग्राही पीएम स्वनिधी के ब्याज मुक्त ऋण से लाभान्वित हुए**
**स्वरोजगार ऋण से 30 हितग्राही हुए लाभान्वित**
**पथ विक्रेता 10 व 20 हजार का ब्याज मुक्त ऋण प्राप्त करने हेतु आवेदन प्रस्तुत करें**

रतलाम 17 नवम्बर । नगरीय क्षेत्र रतलाम के ऐसे पंजीकृत एवं पात्र पथ विक्रेता जिन्हे प्रथम कार्यषील पूंजी हेतु ब्याज मुक्त ऋण प्राप्त नहीं हुआ है तथा जिन्होने प्रथम कार्यषील पूंजी का ऋण जमा करा दिया है उन्हे संकल्प से सिद्धी विषेश अभियान के तहत 10 व 20 हजार का ब्याज मुक्त ऋण उपलब्ध कराने हेतु नगर निगम द्वारा निगम के झोन कार्यालयों पर ऑन लाईन आवेदन भरे जा रहे हैं।
निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया ने बताया कि प्रथम कार्यषील पूंजी हेतु 2025 हितग्राहियों को राषि रूपये 10ए000ध्. तथा द्वितीय कार्यषील पूंजी हेतु 80 हितग्राहियों को राषि रूपये 20ए000ध्. ब्याज मुक्त ऋण उपलब्ध कराया गया है। एनयूएलएम स्वरोजगार ऋण योजना में 40 हितग्राहियों व एनयूएलएम स्वरोजगार समूह ऋण योजना में 3 समूह को ऋण उपलब्ध कराया गया है।
पथ विक्रेताओं को ब्याज मुक्त ऋण के लिये ऑन लाईन आवेदन प्रस्तुत करने हेतु आवष्यक दस्तावेज के रूप में बैंक पास बुकए आधार कार्डए पथ विक्रेता पंजीयन कार्ड व आधार लिंक से मोबाईल नम्बर साथ लाना होगा।

**अनुमति के बिना मुख्य सड़कों के किनारे निर्माण प्रारंभ पाये जाने पर नगर निगम करेगा तोड़ने की कार्यवाही**
**15 हजार रूपये प्रति घंटे के मान से तोड़ने की राषि होगी वसूल**

रतलाम 17 नवम्बर । षहर की मुख्य सड़के सैलाना रोडए सागोद रोडए महू रोडए स्टेषन रोड सहित अन्य सड़को के किनारे नगर निगम की बिना अनुमति के निर्माण प्रारंभ पाये जाने पर उन्हे तोड़ने की कार्यवाही निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया

के निर्देषानुसार गठित दलो के द्वारा प्रारंभ की जा रही है साथ ही संबंधितों से 15 हजार रूपये प्रति घन्टे के मान से तोड़ने की राषि वसूल की जायेगी।
निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया नगर निगम के गठित दलो को निर्देषित किया है षहर की मुख्य सड़कों के किनारे नगर निगम की बिना अनुमति निर्माण प्रारंभ पाये जाने पर तोड़ने की कार्यवाही प्रतिदिन की जाये व संबंधितों से 15 हजार रूपये प्रति घन्टे के मान से तोड़ने की राषि वसूल की जाये।
नगर निगम द्वारा बिना अनुमति के निर्माण तोड़ने की कार्यवाही की जा रही है नागरिकों से अपील है कि वे अनुमति के बिना निर्माण कार्य ना करें।

डेंगू से बचाव हेतु प्रत्येक झोन में एक.एक डबल बैरल फॉगिंग मषीन से कीटनाषक दवा का छिड़काव निरंतर जारी
रतलाम 17 नवम्बर। कलेक्टर एवं निगम प्रषासक श्री कुमार पुरूशोत्तम के निर्देषानुसार नागरिकों को मच्छर जनित डेंगू व मलेरिया जैसी बीमारी से बचाव हेतु नगर प्रत्येक झोन में एक.एक डबल बैरल फॉगिंग मषीन से कीटनाषक दवा का छिड़काव का कार्य निरंतर जारी है।
निगम आयुक्त श्री झारिया ने इस अवसर पर बताया कि शहर में बढ़ रहे डेंगू व मलेरिया जैसी मच्छर जनित बीमारियों पर नियंत्रण हेतु कलेक्टर एवं निगम प्रषासक श्री कुमार पुरूशोत्तम के निर्देषानुसार प्रत्येक झोन में एक.एक डबल बैरल फॉगिंग मषीन से नगरनिगम व मलेरिया विभाग द्वारा रूट चार्ट अनुसार सुबह 05ः30 से 08ः00 बजे तक व शाम को 06ः00 से रात 10ः00 बजे तक किया जा रहा है साथ ही प्रत्येक वार्ड में एक.एक हैण्ड स्प्रे मशीन से भी कीटनाषक दवा का छिड़काव किया जा रहा है।

नागरिक व दुकानदार कोविड अनुकूल व्यवहार का पालन करें
रतलाम 17 नवम्बर । कलेक्टर एवं प्रषासक नगर पालिक निगम रतलाम श्री कुमार पुरूशोत्तम के निर्देशानुसार रतलाम जिले में कोरोना 2019 संक्रमण को नियंत्रण करने हेतु कोविड अनुकूल व्यवहार अनिवार्य किया गया है।
निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया ने नागरिकोंए दुकानदारोए व्यावसायिक प्रतिश्ठान मालिकों से अपील की है कि सही तरीके से मास्क लगायें एवं सोशल

डिस्टेंसिंग का पालन अनिवार्य रूप से करें। दूकानों एवं सार्वजनिक स्थानों में 6 नागरिकों से अधिक लोग एकत्रित नहीं होवें। नियमों का पालन अनिवार्य रूप से कर कानूनी कार्यवाही से बचें।

**गीला व सूखा कचरा पृथक.पृथक नहीं लेने पर कर्मचारियों के विरूद्ध होगी कार्यवाही**

रतलाम 17 नवम्बर । निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया ने कचरा संग्रहण वाहन के ड्रायवरए हैल्परए वार्ड प्रभारी व झोन प्रभारियों को निर्देषित किया है कि वे नगर के प्रत्येक घरए दुकान आदि से प्रतिदिन गीला व सूखा कचरा पृथक.पृथक कचरा संग्रहण करना सुनिष्चित करें अन्यथा ड्रायवरए हैल्परए वार्ड प्रभारी व संबंधित झोन प्रभारी पद से हटाने व बर्खास्त किये जाने की कार्यवाही की जायेगी।

निगम आयुक्त श्री झारिया ने निर्देशित किया यदि किसी भी वार्ड में मिक्स कचरा लेते हुए या कचरा संग्रहण वाहन में मिक्स कचरा डालते हुए पाये जाने पर संबंधित कर्मचारी को पद से हटाने व सेवा से बर्खास्त किये जाने की कार्यवाही की जायेगी। इसके अलावा उन्होने निर्देषित किया कि प्रत्येक वार्ड के प्रत्येक घरए दुकानए गुमटी आदि से प्रतिदिन पृथक.पृथक कचरा लिया जाये।

प्रत्येक वार्ड के प्रत्येक घरए दुकानए गुमटी आदि से प्रतिदिन पृथक.पृथक कचरा लिये जाने हेतु निगम आयुक्त श्री झारिया ने निर्देषित किया कि दोनो पालियों मंे वार्ड में कचरा संग्रहण वाहन जायेंगे तथा जब तक पुरे वार्ड से 100 प्रतिषत कचरा संग्रहित नहीं कर लिया जाता तब तक वाहन निगम के वर्कषॉप में जमा ना करायें। निगम आयुक्त श्री झारिया ने वार्ड प्रभारी व झोन प्रभारी को निर्देषित किया है कि वे प्रतिदिन प्रमाणित करेंगे कि उनके वार्ड से 100 प्रतिषत कचरा उठ चुका है।

**वार्ड में गंदगी पाई गई तो झोन प्रभारीए वार्ड दरोगा व सफाई संरक्षक के विरूद्ध होगी कार्यवाही**

रतलाम 17 नवम्बर । स्वच्छ सर्वेक्षण.2021 में रतलाम नगर को स्वच्छता के क्षेत्र में नम्बर.1 बनाने हेतु नगर निगम दृढ़ संकल्पित हैए जिसके तहत वार्डो की सड़कए गलीए सार्वजनिक स्थलए नाले.नालियों आदि समुचित सफाई हेतु झोन प्रभारीए वार्ड

दरोगा व वार्ड के सफाई संरक्षक पाबंद है। वार्डो में गंदगीए कचरे के ढेरए नाले. नालियों में कचरा पाये जाने पर संबंधितों को हटाने की कार्यवाही की जायेगी।
वार्डो की समुचित साफ.सफाई का दायित्व झोन प्रभारीए वार्ड दरोगा व सफाई संरक्षकों का दायित्व है वे अपने कर्तव्य का निर्वहन पुरी निश्ठा एवं ईमानदारी करें यदि वार्डो में साफ.सफाई नहीं पाई जाती है तो संबंधितों को हटाने की कार्यवाही की जायेगी।

समाचारध्जण्संण्विण्ध्हेमन्तध्17ण्11ण्2021ध्नण्पाण्निगमए रतलामण्